राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020' के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शिक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं के शुभारम्भ कार्यक्रम में राजभवन, पटना से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिये भाग लिया

पटना, 29 जुलाई 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020' के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं के शुभारम्भ कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिये भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विद्या प्रवेश, एक विषय के रूप में भारतीय सांकेतिक भाषा, निष्ठा 2.0 (NISHTHA 2.0), सफल (SAFAL) एवं जन जागरूकता हेतु आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस वेबसाईट के अतिरिक्त एकेडमिक बैंक ऑफ मल्टीपल क्रेडिट एण्ड इंट्री–एक्जिट, क्षेत्रीय भाषाओं में प्रथम वर्ष का इंजिनियरिंग प्रोग्राम, उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण हेतु मार्गदर्शिका, नेशनल डिजिटल एजुकेशन आर्किटेक्चर (NDEAR) एवं नेशनल एजुकेशन टेक्नोलॉजी फोरम (NETF) का शुभारंभ किया।

माननीय प्रधानमंत्री ने इन योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि नये भारत के निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से संबंधित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

....